IV, I

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| बरेली |

रविवार, 12 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 137

PAGE NO.- IV : MIDDLE

एमडीसीए और आईके नेक्स्ट जनरेशन के बीच खिताबी जंग

सेमीफाइनल में एमडीसीए ने बजाज टेक्सटाइल टीम को 34 रन से हराया

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट सीजन-6 के सेमीफाइनल मुकाबलों में शनिवार को रोमांचक क्रिकेट देखने को मिला। पहले सेमीफाइनल में मेरठ डिस्ट्रिक्ट क्रिकेट एसोसिएशन (एमडीसीए) ने बजाज टेक्सटाइल अमरोहा को 34 रन से हराकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में आईके नेक्स्ट जनरेशन ने एसएनएस बुलंदशहर को 73 रन से हराकर खिताबी मुकाबले में प्रवेश किया।

विजयी टीम के खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। • अमृत विचार

पहले सेमीफाइनल में एमडीसीए ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 6 विकेट पर 243 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। ऋतुराज शर्मा (76), हर्ष त्यागी (55) और निर्देश बैसोया (43) की तेज पारियों ने टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जवाब में बजाज टेक्सटाइल की टीम निर्धारित ओवर में 209 रन ही बना सकी। एमडीसीए के निर्देश बैसोया ने शानदार ऑलराउंड प्रदर्शन करते हुए 43 रन बनाने के साथ 3 विकेट भी लिए और मैन ऑफ द मैच चुने गए।

दूसरे सेमीफाइनल में आईके नेक्स्ट जनरेशन ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट पर 212 रन बनाए। कप्तान शिवम शर्मा ने 26 गेंदों पर 55 रन की विस्फोटक पारी खेली, जबकि अक्षु बाजवा ने 54 रन का योगदान दिया। जवाब में एसएनएस बुलंदशहर की टीम शुरुआत से दबाव में रही और 20 ओवर में 8 विकेट पर 139 रन ही बना सकी। शिवम शर्मा को उनके हरफनमौला प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया।

इससे पहले चौथे क्वार्टर फाइनल में एसएनएस बुलंदशहर ने एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी को 3 रन से हराकर बड़ा उलटफेर किया। 243 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एसआरएमएस की टीम 240 रन ही बना सकी। इस मैच में अनुभव सिंह ने 168 रन की विस्फोटक पारी (14 छक्के, 13 चौके) खेलने के साथ 3 विकेट भी लिए और मैन ऑफ द मैच बने। एसआरएमएस क्रिकेट स्टेडियम में खेले जा रहे मुकाबलों में बड़ी संख्या में दर्शक मैचों का आनंद ले रहे हैं।

आज शाम होगा फाइनल मुकाबला

आयोजन समिति के सचिव नितिन सक्सेना के अनुसार फाइनल मैच रविवार शाम 5 बजे खेला जाएगा। जिसमें एमडीसीए और आईके नेक्स्ट जनरेशन की टीमें आमने-सामने होंगी। विजेता टीम को 2 लाख रुपये और उपविजेता को 1 लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा। वहीं प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट को 11 हजार रुपये तथा बेस्ट बैट्समैन और बेस्ट बॉलर को 5100-5100 रुपये का पुरस्कार मिलेगा।